कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय
हरदीबाजार,जिला–कोरबा (छ.ग.)

Email-gbvphardibazar@gmail.com,Web.-ggbchb.org, विशिष्ट कोड–3109,Contact No. 9425227782

....

क्रमांक– 451/2022 हरदीबाजार, दिनांक–14.09.2022

//अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञापन//

अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक सी–3 द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक 563/126/आउशि/राज.स्था./2022 दिनांक 08.09.2022 के परिपालन में इस महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु निम्नलिखित विषय में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन कार्य हेतु अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति की जानी है। निर्धारित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र दिनांक 22.09.2022 तक पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्राचार्य, शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय, हरदीबाजार, जिला–कोरबा (छ.ग.) के पते में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

क्रमांक	विषय	रिक्त पदों की संख्या
01.	भूगर्भशास्त्र	01
02.	भौतिकशास्त्र	01
03.	राजनीतिशास्त्र	01

टीपः–

01. अतिथि व्याख्याताओं की सेवायें भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं बनेगा और न ही वे अधिमानिक बर्ताव (Preferential Treament) के हकदार होंगे।
02. अतिथि व्याख्याताओं की मानदेय का भुगतान प्रति व्याख्यान 300.00 (तीन सौ रूपये) जो प्रतिदिन 1200.00 (बारह सौ रूपये) अधिकतम तथा प्रतिमाह 31200.00(इकत्तीस हजार दो सौ रूपये) की सीलिंग के अधीन होगा।
03. चयन प्रक्रिया– अतिथि व्याख्याताओं का चयन छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडो के आधार पर होगी।
04. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र एवं जाति, निवास प्रमाण की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
05. चयनित पद पर शासन द्वारा नियमित नियुक्ति/स्थानांतरण पर पदस्थापना होने पर/शासन के आगामी आदेश या संबंधित अतिथि व्याख्याता के संतोषजनक कार्य निष्पादन न होने पर यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी।
06. नियुक्ति के संबंध में समस्त अधिकार महाविद्यालय के प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा।
07. चयनित आवेदक के विरूद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा शासकीय/अर्ध्दशासकीय सेवक नहीं है, इस आशय का शपथ पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा।

Principal
Govt. G.B.College
Hardi Bazar,Korba (C.G)
(प्राचार्य)

पृ.क्रमांक–452/अति.व्या./2022 कोरबा,दिनांक–14.09.2022

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त,उच्च शिक्षा संचालनालय,इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर(छ.ग.) को सूचनार्थ।
2. प्राचार्य (अग्रणी) शास.ई.वि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.) को सूचनार्थ।
3. प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय...को इस निवेदन के साथ कि इसे सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।

Principal
Govt. G.B.College
Hardi Bazar,Korba (C.G)
(प्राचार्य)